प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/ 340 दिनांकः 08 सितम्बर, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

सन्दर्भः **विश्वविद्यायल द्वारा निर्गत ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/6450 दिनांक 31 दिसम्बर, 2022**

विषयः शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले ऐसे कतिपय छात्र/छात्रायें जिनका पूर्व सत्र का परीक्षा परिणाम अपूर्ण अथवा तद्दिनांक घोषित नहीं हो सका था को परीक्षा समिति में लिये गये निर्णयानुसार ऐसे सम्भावित छात्रों की परीक्षा आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यायल द्वारा निर्गत ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/6450 दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र क्रम में अवगत करना है कि शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के ऐसे छात्र/छात्राएं, जिनका परीक्षा परिणाम अपूर्ण अथवा तददिनांक अघोषित था, को उक्त पत्र में उल्लिखित दिशा-निर्देशानुसार तथा शर्तो के अधीन, परीक्षा में सम्मिलित किया गया था।

उक्त के सन्दर्भ में विश्वविद्यालय की दिनांक 24 अगस्त, 2023 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की 77वीं बैठक के मद संख्या 77.08 में लिये गये निर्णायानुसार, उक्त पत्र से आच्छादित छात्र/छात्राओं की परीक्षायें **दिनांक 22 सितम्बर, 2023** से आयोजित कराया जाना सम्भावित है, जिसका अन्तिम परीक्षा कार्यक्रम अलग से ससमय उपलब्ध करा दिया जायेगा। उक्त सदर्भित पत्र से आच्छादित छात्र/छात्राओं की तदर्थ सूची (संस्थान ई0आर0पी0 लॉगिन मे उपलब्ध) संलग्न है। कृपया उक्त सूची का अपने स्तर से चेक करते हुए उक्त परीक्षा हेतु अर्ह एवं इच्छुक छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क संस्थान निम्न तालिका के अनुसार स्वयः संस्थान के निदेशक अथवा प्रतिनिधि सीधे विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर भरवाना सुनिश्चित करेगे।

| क्र0सं0 | संस्थान कोड़ | परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि | क्र0सं0 | संस्थान कोड़ | परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 001 से 258 तक | 12 सितम्बर, 2023 | 2 | 259 से 872 तक | 13 सितम्बर, 2023 |
| 3 | 874 से 1004 तक | 14 सितम्बर, 2023 | 4 | 1012 से अन्त तक | 15 सितम्बर, 2023 |

अग्रेतर, यदि संस्थान के संज्ञान में संलग्न सूची से अतिरिक्त कोई अन्य छात्र उक्त परीक्षा हेतु अर्ह हो तो उस दशा में ऐसे छात्रों का सम्पूर्ण विवरण के साथ विश्वविद्यालय को अलग से प्रस्तुत करते हुए उपरोक्त निर्धारित व्यवस्था के अनुसार परीक्षा फार्म भरवाने का कष्ट करें।

संस्थान प्रशासन से अपेक्षा है कि उक्त परीक्षा हेतु छात्रों की अर्हता को अपने स्तर से सुनिश्चित करने के उपरान्त ही परीक्षा फार्म भरवाएं। अनर्ह छात्र का परीक्षा फार्म भरे जाने की दशा में विश्वविद्यालय द्वारा छात्र का परीक्षा परिणाम जारी किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसके लिए संस्थान/छात्र स्वयः जिम्मेदार होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत स्नातक एवं परास्नातक के छात्र/छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए सम्बन्धित छात्रों से तत्काल/समयानुसार परीक्षा फार्म भरवाने तथा निर्धारि परीक्षा शुल्क जमा करवाने का कष्ट करें

भवदीय

08/9/2023

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

संलग्नकः **सम्बन्धित छात्रों की सूची संस्थान के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध ।**

प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

**डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0**
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

/

**(प्रो0 राजीव कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक